सिर्फ आज के दिन

स्वयं से कहो

सिर्फ आज के दिन, मेरे विचार मेरे सुधार पर होंगे, मैं नशीले पदार्थों के बगैर ज़िंदगी जिऊँगा / जिऊँगी और जीने का आनंद उठाऊँगा/ उठाऊँगी।

सिर्फ आज के दिन, मैं एन.ए. में किसी एक व्यक्ति में भरोसा रखूँगा / रखूँगी, जो मुझमें विश्वास रखता है और मेरे सुधार में, मेरी मदद करना चाहता है।

सिर्फ आज के दिन, मेरा एक कार्यक्रम होगा, जिसे मैं पूरी योग्यता से अमल करने की कोशिश करूँगा करुँगी।

सिर्फ आज के दिन, मै एन.ए. के द्वारा अपने जीवन पर एक बेहतर नज़रिया रखने की कोशिश करुँगा/ करुँगी।

सिर्फ आज के दिन, मै निर्भय रहूँगा/ रहूँगी और मेरे विचार मेरे नये सम्बन्धों पर होंगे, उन लोगों पर जो आज नशा नहीं कर रहे है और जिन्हें जीने का नया रास्ता मिला है। जब तक मैं इस रास्ते पर हूँ, मुझे डरने की कोई आवश्यकता नही।